दैनिक
प्रातः कालीन
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-
UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 326 मुरादाबाद, 28 March 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

कालरात्रि

एक वेणी जपाकर्णपूरा
नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी
तैलाभ्यक्तशरीरणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक
भूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा
कालरात्रिर्भयङ्करी।।

मां दुर्गा के सातवें स्वरूप को कालरात्रि कहा जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें शुभङ्करी भी कहा जाता है। दुर्गा पूजा के सप्तम दिन मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। उसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इस चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः मां कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश और ग्रह बाधाओं को दूर करने वाली हैं। जिससे साधक भयमुक्त हो जाता है।

यूपी निकाय चुनाव : ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने किया स्वीकार, सीएम योगी ने फैसले का किया स्वागत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार समयबद्ध ढंग से नगरीय निकाय चुनाव कराने हेतु प्रतिबद्ध है। उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण देने के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए योगी सरकार के पक्ष में बड़ा फैसला दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव को लेकर योगी सरकार द्वारा बनाए गए ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार्य कर लिया है। साथ ही कोर्ट ने दो दिनों के भीतर निकाय चुनाव का नोटिफिकेशन जारी करने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण को बाधित करने के विपक्ष के मंसूबों को करारा झटका लगा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा ओबीसी आयोग की रिपोर्ट स्वीकार कर ओबीसी आरक्षण के साथ नगरीय निकाय चुनाव कराने का आदेश स्वागत योग्य है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ओबीसी आरक्षण हेतु प्रतिबद्ध थी एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये समय सीमा के भीतर ही

सारी कार्यवाही कर ली। उन्होंने कहा कि विधि सम्मत तरीके से आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार समयबद्ध ढंग से नगरीय निकाय चुनाव कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

बता दें कि निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर विपक्ष के लोगों ने बैकडोर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करवाई थी और सरकार के निर्णय को प्रभावित करने की कोशिश की थी। मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण के तत्काल निकाय चुनाव कराने का निर्णय दिया था, जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कर दिया था कि प्रदेश सरकार दलित, पिछड़ा समेत समाज के सभी वर्गों के लिए समर्पित है। बिना भेदभाव के सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ कार्य कर रही है। हम बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव नहीं कराएंगे। इसके बाद सरकार ने ओबीसी आयोग का गठन किया था और हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

जिस पर 27 मार्च को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के तत्काल चुनाव कराने के आदेश पर रोक लगाते हुए ओबीसी आरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए गठित आयोग को 31 मार्च के भीतर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आयोग ने अपना कार्य करना शुरू कर दिया। आयोग ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए 75 जिलों का दौरा किया और सर्वे के बाद नौ मार्च को सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी।

वहीं आयोग की रिपोर्ट और सिफारिशों को सरकार ने 15 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दिया था। जिस पर आज सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार के पक्ष में फैसला दिया है और आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार्य कर लिया है। साथ ही ओबीसी आरक्षण के साथ निकाय चुनाव कराने की अनुमति दे दी है।

मैं अब ज्यादा मक्खन लगाने को तैयार नहीं, वोट दो या ना दो-नितिन गडकरी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अगर सही लगता है तो मुझे वोट दो, नहीं तो न दो। मैं अब बहुत ज्यादा मक्खन लगाने को तैयार नहीं हूं।

आपको लगा तो ठीक नहीं तो कोई नया आएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री अकसर अपने बेबाक बयानों से चर्चाओं में रहते हैं। इस बीच, नागरपुर की एक निजी संस्था कार्यक्रम में उन्होंने एक बार फिर ऐसा कुछ कहा, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर सही लगता है तो मुझे वोट दो,

नहीं तो न दो। मैं अब बहुत ज्यादा मक्खन लगाने को तैयार नहीं हूं। आपको लगा तो ठीक नहीं तो कोई नया आएगा। दरअसल, कार्यक्रम नागरपुर के वेस्टलैंड और वेस्टवाटर से जुड़े काम काम करने वाली एक संस्था ने आयोजित किया था। यह गडकरी के पसंदीदा विषय माने जाते हैं। इसी दौरान उन्होंने कहा, वेस्टलैंड पर होने वाले अनेक प्रयोग हैं। मैं यह काम जिद्द से करता हूं। प्यार से करता हूं या ठोक के करता हूं। मैंने लोगों को भी बोल दिया है अब बहुत हुआ। मैं चुनकर आया हूं, अगर सही लगता है तो मुझे वोट दो नहीं तो न दो। मैं अब बहुत ज्यादा मक्खन लगाने को तैयार नहीं हूं। आपको लगा तो ठीक नहीं तो कोई और आएगा। गडकरी पहले भी इसी तरह के कुछ बयान दे चुके हैं। बीते कुछ महीनों पहले उन्होंने कहा था कि परेशान हर कोई है।

विधायक इसलिए दुखी हैं कि वे मंत्री नहीं बन पाए। मंत्री इसलिए दुखी हैं कि उन्हें अच्छा विभाग नहीं मिला। मुख्यमंत्री इसलिए दुखी हैं कि वो कब चले जाएंगे इसका कोई भरोसा नहीं है। यह बात उन्होंने राजस्थान विधानसभा में संसदीय लोकतंत्र और जन अपेक्षाएं विषय पर आयोजित सेमिनार के दौरान कही थी। इसी तरह एक बात उन्होंने यह भी कहा था, कभी-कभी मन करता है कि राजनीति ही छोड़ दूं। समाज में और भी काम हैं,

जो बिना राजनीति के किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा था, महात्मा गांधी के समय की राजनीति और अब की राजनीति में बहुत अंतर आया है। बापू के समय में राजनीति देश, समाज और विकास के लिए होती थी। लेकिन, अब राजनीति सिर्फ सत्ता पाने के लिए होती है।

गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं से भरा मैजिक टेंपो पलटा, नौ हुए गंभीर घायल, अलीगढ़ रेफर

एटा के जलेसर क्षेत्र के गांव गोधरा से एक मैजिक टेंपो में सवार होकर श्रद्धालु राजघाट गंगा स्नान को जा रहे थे। गांव असोई के पास अचानक अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। जिससे वहां चीख पुकार मच गई।गंगा स्नान के लिए राजघाट जा रहे श्रद्धालुओं से भरा एक मैजिक टेंपो जलेसर मार्ग स्थित गांव असोई के निकट सोमवार की सुबह पलट गया। हादसे में नौ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घायलों को

उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से चिकित्सकों ने घायलों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।सोमवार की सुबह एटा के जलेसर क्षेत्र के गांव गोधरा से एक मैजिक टेंपो में सवार होकर श्रद्धालु राजघाट गंगा स्नान को जा रहे थे। गांव असोई के पास अचानक अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। जिससे वहां चीख पुकार मच गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को उपचार के सीएचसी सिकंदराराऊ पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

ये हुए घायल

हादसे में मुकेश कुमार पुत्र गनपत लाल, सुखदेवी पत्नी प्रमोद कुमार, राधा देवी पत्नी भरत सिंह, सत्यवती पत्नी अनिल, भरत पुत्र कुशल सिंह, रंजन सिंह, मदनलाल निवासीगण गांव गोधरा, सुधा पत्नी शिवकुमार निवासी निधौली कला एटा, अवधेश पुत्र लोकेश निवासी राजगढ़ जलेसर एटा घायल हुए हैं।

खरगे के घर पर विपक्षी दलों की बैठक, टीएमसी भी शामिल; राहुल के बयान से नाराज उद्धव गुट का बहिष्कार

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर एक-समान विचारधारा वाले दलों के विपक्ष के नेताओं की बैठक शुरू हो गई है। खरगे के घर पर जारी बैठक में लगभग सभी प्रमुख विपक्षी नेता मौजूद हैं। बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कई दिग्गज नेता मौजूद हैं।इस दौरान

राहुल की सांसदी जाने और सरकार को घेरने के मुद्दे पर रणनीति को लेकर चर्चा हुई। बैठक में तृणमूल कांग्रेस समेत कई कई दलों ने हिस्सा लिया। हालांकि, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने इस बैठक का बहिष्कार किया। इसकी वजह सावरकर पर राहुल गांधी के बयान से नाराजगी बताई जा रही है।इससे पहले सोमवार सुबह संसद में रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई विपक्षी दलों की बैठक में भी टीएमसी शामिल हुई। पार्टी ने राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ और अदाणी मामले पर निकाले गए विपक्ष के मार्च में भी हिस्सा लिया।बैठक और प्रदर्शन में दोनों सदनों के तृणमूल कांग्रेस के नेता नहीं, बल्कि पार्टी के दो सांसद शामिल हुए। सरकार मौजूद थे। तृणमूल कांग्रेस लंबे समय बाद कांग्रेस द्वारा बुलाई गई विपक्षी दलों की किसी बैठक और प्रदर्शन में शामिल हुई है।

संपादकीय Editorial

Race for need

'I (God) am in all beings. No matter what the name or colour, everyone has the same ability and everyone has equal respect. All are mine No one is high or low according to the scriptures. What pundits say is a lie. We have lost our way by getting entangled in the imaginary division of upper and lower castes. This confusion should be removed.' These are the words of Dr. Mohan Bhagwat, Sarsanghchalak of the Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS) engaged in the project of building a Hindu nation. He was speaking on the occasion of an event related to Saint Raidas. RSS is the parent organization of many organizations apart from BJP and all of them are helping it in achieving its goal. No doubt this is the latest attempt by Hindu nationalists to woo Dalits. The difficulty of the RSS is that on the one hand it wants to maintain pre-modern caste and gender relations, on the other hand it needs to woo these classes to implement its agenda. The thinking of the RSS regarding caste has been changing. One of the reasons behind the establishment of the RSS was the struggle of the downtrodden to break the shackles of the landlord-Brahmin nexus. It was in response to the non-Brahmin movement, which aimed to oppose the landlord-Brahmin alliance, that some of the elites came together to form this institution. The RSS's view of caste was first presented by its second Sarsanghchalak, Madhav Sadashiv Golwalkar. He glorified Manusmriti and said that India had a golden past because the rules laid down in this book were followed at that time. In his book 'We or Our Nationhood Defined', he supported the varna-caste system. According to him, the caste system which has been rendered in this holy book (Manusmriti) is based on scientific principles. In the Sangh's unofficial mouthpiece 'The Organiser', it was presented in these words, 'If a developed society realizes that existing discriminations are due to scientific social structure and different classes represent different parts of the social body. So this diversity (i.e. the caste system) should not be considered a distortion.' Later, another prominent RSS ideologue Deendayal Upadhyay, who was also the president of the Jana Sangh, propounded the theory of 'Integral Humanism'. However, the deprived sections have started to understand the reality of Sangh's agenda. Now new theories are being presented about the origin of caste. -(suppress)

Society: Technology is changing lives, digital revolution is connecting the poor and the underprivileged with the mainstream

Digital revolution is empowering the lives of common citizens. It is changing the lives of the poorest and most marginalized sections. Until a few years ago, having access to technology was considered a great privilege and was confined only to the urban elite. People in rural areas found themselves completely unable to afford internet. Till the year 2014, only 25 crore Indians used to use the internet. This number increased to touch the figure of 84 crores in the year 2022. Earlier the cost of one GB data used to be around Rs 300, which has come down to around Rs 13.5 per GB. With the internet becoming cheaper, people started taking advantage of various services very easily. Prime Minister Modi's transformation of technology into a key tool in the fight against poverty has brought immense benefits to the people. Digital technologies have become an integral part of our lives. The trend of AI, 5G and quantum technology has increased so much that they are becoming mainstream now. India focused on creating public digital platforms that are available to all and created at scale. Thanks to Covin, India has given about 220 crore doses so far. Today 'Covin' has become an unprecedented example of making digital technology accessible to all the countrymen. Today across India street vendors, from small shops to large showrooms, QR code stickers for digital payments are seen. Using public funds, the government has created a platform that connects banks, insurance companies, e-commerce companies, MSMEs, start-ups and most importantly 120 crore people. Launched in the year 2016, UPI now handles $1.5 trillion worth of transactions every year. The average settlement time for each transaction is two seconds. This has increased transparency and convenience. This is the reason why India's UPI has now become a global standard for digital payments. The role of technology in making people's lives easier is increasing day by day. With 'FASTag', vehicles now ply on the highways without stopping. With the launch of 5G, the technology has taken a quantum leap and more than one lakh sites with 5G coverage have been installed in 481 districts. India is also continuously working towards becoming an exporter of 4G and 5G technology in the next three years. Now India is developing 'OCEN (Open Credit Enablement Network)', which will substantially increase the availability of loans across the country by converting the banking system into a 'cash flow-based credit system'. 'OCEN' will increase competition among different banks to lend to people, thereby reducing the cost of credit. As per Morgan Stanley estimates, this will increase the debt-to-GDP ratio from the current 57 per cent to 100 per cent by 2031. The digital and technology-driven revolution is empowering and transforming the lives of ordinary citizens. It is empowering the poorest and most marginalized sections and giving the country the ability to create something special through the creative thinking of the young and talented generation. The same model is now being replicated in various sectors, be it health sector, education sector, logistics, agriculture or defense sector. Platforms are being created on which the active eco system of start-ups or an enterprise can further develop the right solutions. In this era of global uncertainty, India has entered its 'Amrit Kaal'. Moving in this direction, India's G-20 Presidency under the visionary, decisive leadership of Prime Minister Modi will be a path-breaking one, during which public digital infrastructure will be shared with the world.

Worry: The decreasing number of elephants is alarming, the effect of climate change may increase

During 2001 to 2020, 1,330 elephants died in Assam. A research suggests that the effect of climate change may increase due to the decrease in the number of elephants. Therefore, there is a need to look at this figure seriously. Over the past few years, since the reel became popular through social media, there have been scenes of people with mobile phones running after elephants, or herds of elephants running towards people.

Such incidents have increased in the last few years. Recently, the Assam government presented a shocking figure in the assembly. The government said that 1,330 elephants have died in Assam from 2001 to 2022. This is an alarm bell. This is because, if research conducted in a US university is to be believed, then elephant is the only animal in the world that can save mankind from the effects of climate change. Ever since humans have started destroying forests with the help of sophisticated machines, since then the conflict between wildlife and humans has increased. Wild animals are not able to get food in the forest today. The natural reservoirs, puddles, ponds, rivers and canals that were inside the forest have started drying up. Small animals satisfy their hunger, but if any animal is facing the biggest problem, then it is the elephant. In such a situation where do wild animals especially elephants go. For this reason, the conflict between humans and elephants has increased in the last few years.

Assam is known in the country as an elephant state. This is the same Assam where Prime Minister Narendra Modi himself patted the government for not killing a single rhino last year. But the death toll of 1,330 elephants in the same state during two decades is a matter of concern for any wildlife lover and the entire humanity. According to the information tabled in the assembly, only 509 elephants died due to natural causes while 261 elephants died due to unknown reasons. 102 elephants died due to being hit by trains, while 65 elephants were killed by poisoning, while 40 elephants were hunted during this period. 202 elephants died due to contact with lightning, while 18 elephants were killed by lightning. Assam Forest Minister Chandramohan Patwari informed the House that the highest number of elephant deaths (107) occurred in 2013, followed by 97 in 2016 and 92 in 2014. On an average, more than 70 people and more than 80 elephants die in man-animal conflicts in Assam every year.

If we talk about the number of elephants in Assam at present, then only a little more than 5,700 elephants are left here. The minister did not just count the figures but also gave the reason that increasing human interference in the natural habitat of elephants has forced the animals to venture out in search of food, resulting in human-human conflict. It is noteworthy that at present there are 33 elephant sanctuaries in the country and they are spread over 1200 square kilometers. 12 August is celebrated as Elephant Day in the world. According to a report, according to the census of elephants done in 2017, the number of elephants in the country is about 30 thousand. A research found that elephants play an important role in making forests. They play a major role in sequestering more atmospheric carbon and maintaining the biological diversity of forests. The researchers found that elephant numbers are low and that if elephants become extinct, the effect of atmospheric carbon could increase. A study by researchers at St Louis University in the US has underlined the importance of elephants for the planet. Stephen, the senior author of this research, has spent much of his career studying elephants. Stephen and his colleagues are looking at the increased carbon footprint of the African country's rain forests because of the ecology of elephants. This means that as elephant numbers decline, the effects of climate change will increase. We should see the figures presented by the Assam government in the assembly as an alarm bell. The Union Ministry of Forests, Government of India, started Project Elephant in 1992 for the conservation of elephants. It needs to be strengthened and activated in the new context, so that the protection of the protectors of the earth is ensured.

The uproar of Khalistanis, time for India to show strictness

The way Khalistani supporters in Britain, Canada and America are creating havoc at India's diplomatic bases over the action of Punjab Police against fugitive Amritpal's associates, it seems to be the result of a well-planned conspiracy. Firstly, it is clear that Pakistan's hand is behind these crazy Khalistan supporters and secondly, it is also visible that the governments of Britain, Canada, America are not taking such action against them, as is necessary and expected. This is the reason why India has to express its objection to these countries. First, India expressed its protest to Britain, America on the incidents in London and San Francisco, then to the Government of Canada. India was absolutely right in saying that merely condemning the atrocities of Khalistanis is not going to work, action should also be taken against them. India has to ensure that the governments of these countries actually do this, because even if a handful of Khalistani supporters create trouble, they work to vitiate the atmosphere. The good thing is that the Sikh society of India is rejecting his insane antics. It seems that Khalistani active abroad are upset because the Sikhs of India are not giving any importance to their dirty activities. The work done by the Sikhs of India and especially Punjab by their moderate behavior to sabotage the intentions of Khalistanis active abroad, is less to be praised. On the one hand, the Government of India will have to ensure that the governments of Canada, Britain, America, etc., stop their Khalistanis from creating ruckus and spreading hatred against India, on the other hand, it will also have to be seen that Pakistan refrains from provoking these anti-India elements. Returns. There is no doubt that Khalistan supporters active in different countries are creating nuisance at the behest of Pakistan. They are sitting in Pakistan's lap, this is known from the fact that there is no mention of Pakistan anywhere in their concept of Khalistan. He also pretends to show that he does not know where Nankana Sahib and Kartarpur Sahib are located. They also deliberately ignore the ill-treatment meted out to Sikhs in Pakistan. There is nothing more strange than this that Pakistan is daydreaming to them in the name of Khalistan and they are happily watching it. Some Sikh leaders of Canada are also doing the work of seeing and showing this daydream, who have no knowledge of the ground reality of Punjab. Since such elements are getting the patronage of the Canadian government, India will have to show strictness.

अपरंपार है माता रानी की महिमा, भक्तों के दूर करती हैं हर तरह के कष्ट

मुरादाबाद- शहर के आशियाना स्थित ढाप वाले मंदिर का पौराणिक व धार्मिक महत्व है। सच्चे मन से जो भी भक्त मां के दरबार में आता है वह निराश होकर नहीं लौटता है। माता रानी अपने भक्तों के हर कष्ट को दूर कर लेती है। मान्यता है कि मंदिर में माथा टेकने के बाद कई भक्तों की झोली माता रानी ने खुशियों से भर दी हैं। कई भक्त तो ऐसे हैं, जिनकी मनोकामना पूरी हुई तो वह हर दिन मां के दरबार में हाजिरी लगाने आते हैं। मंदिर की स्थापना 1950 में हुई थी। उस वक्त यहां पर जंगल था। मंदिर की स्थापना पुजारी सांतर महाराज ने की थी।

कहा जाता है कि उनके स्वप्न में शिव पार्वती ने आकर दर्शन दिया और यहां पर मंदिर की स्थापना करने को कहा था। उसके बाद इस जमीन पर सबसे पहले पुजारी ने अपने गुरुजी की मूर्ति की स्थापना की। इसके बाद काली माता, शेरा वाली मां, शंकर भगवान, शिवलिंग, राम दरबार, हनुमान जी समेत कई देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की।इस मंदिर से जुड़ी एक चमत्कारिक बात है कि करीब 40-50 साल पहले एमडीए के लोग इस जमीन को खाली कराने आए थे, लेकिन मां की महिमा जानने के बाद वापस लौट गए थे। इसके बाद मंदिर का जीर्णोद्धार भी होता रहा। आज मंदिर ने भव्य रूप ले लिया है। सुबह-शाम भक्तों का मंदिर में तांता लगा रहता है। भक्तजन श्रद्धाभाव से मंदिर में आकर मां का आशीर्वाद लेते हैं। नवरात्र के दिनों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला बढ़ जाता है। दोपहर बाद से लेकर शाम तक महिलाएं कीर्तन-भजन करती हैं।- सांतर महाराज, पुजारी, ढाप वाला मंदिर, आशियाना

लकड़ी कारोबारी से 1.75 लाख रुपये की लूट, बदमाशों ने दिनदहाड़े तमंचा दिखाकर घटना को दिया अंजाम

कुंदरकी(मुरादाबाद)- सोमवार दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने डोमघर-मोहनपुर मार्ग पर लकड़ी कारोबारी को तमंचा दिखाकर 1.75 लाख रुपये लूट लिए। लूट की सूचना से पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसपी देहात संदीप कुमार मीना, क्षेत्राधिकारी सलोनी अग्रवाल और थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पीड़ित से बातचीत कर घटना की जांच पड़ताल की। अख्तर अली उर्फ थनैत (50) पुत्र एवज निवासी ग्राम मोहनपुर ने बताया कि वह लकड़ी का कारोबार करते हैं। सोमवार दोपहर वह मुरादाबाद से अलग-अलग लोगों से लकड़ी के 1.75 लाख रुपये लेकर अपनी बाइक से घर आ रहे थे। उन्होंने बताया कि एक लाख रुपये बाइक की डिग्गी में रखे थे और 75,000 रुपये उनकी जेब में थे। जैसे ही वह ग्राम डोमघर से मोहनपुर जाने वाले मार्ग पर मुड़कर थर्माकोल फैक्ट्री से आगे करीब 200 मीटर दूर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे पल्सर बाइक सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक रोक ली और तमंचा दिखाकर पास की बगिया में ले गए। वहां डरा धमका कर सारे रुपये लूट लिए। बदमाशों ने बाइक की चाबी भी छीन ली और मोबाइल भी फेंक दिया। अख्तर अली ने बताया कि एक लुटेरे ने हेलमेट और दूसरे ने कैप लगा रखी थी। दोनों घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे एसपी देहात ने थर्माकोल फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी की जांच कराई तो उसमें 3:13 बजे पर पल्सर बाइक पर सवार दो लोग जाते दिखाई दिए हैं। इसके बाद पुलिस ने बिस्किट फैक्ट्री पहुंचकर आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि लूट की सूचना पर घटना की जांच पड़ताल की गई है। सीसीटीवी फुटेज में दो लोग दिखाई दिए हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामोद्योग विभाग द्वारा मण्डल स्तरीय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद - जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर युवा केन्द्र, सांई मन्दिर रोड़, दीनदयालनगर, मुरादाबाद में आज मण्डल स्तरीय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार हेतु गठित चयन समिति द्वारा मुरादाबाद मण्डल के अन्तर्गत जनपदो से आये माटीकला विधा के कारीगरों द्वारा बनाए गए कारीगरी द्वारा उनके उत्कृष्ट उत्पादों के आधार पर मण्डल स्तरीय माटीकला पुरस्कार हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हेतु चयन किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश गोला प्रजापति जी के करकमलो द्वारा प्रथम पुरस्कार श्री गौरव कुमार प्रजापति, बिजनौर रु0 15000.00, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार श्री गुलाम रसूल, सम्भल रु0 12000.00, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी एवं तृतीय पुरस्कार श्री तारा सिंह, मुरादाबाद रु0 10000.00, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी वितरण किए गए। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के संयोजक परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी श्री भूपेन्द्र सिंह के साथ-साथ जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमरोहा, सम्भल एवं बिजनौर तथा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

लापरवाही से युवक हाइड्रोफोबिया का शिकार, अब 72 घंटे का मेहमान

मुरादाबाद- अंधविश्वास और लापरवाही के कारण युवक हाइड्रोफोबिया (Hydrophobia) का शिकार हो गया। इसके खुलासा जिला अस्पताल में हुई जांच की रिपोर्ट में हुआ। इसके बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि डॉक्टर ने मरीज को हाइड्रोफोबिया के पीड़ित बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया कि मरीज ज्यादा से ज्यादा 72 घन्टे का ही मेहमान है। सोमवार को इंमरजेंसी वार्ड में बेरीखेड़ा निवासी भोजराज पूरी को बुखार का मरीज बताकर परीजनों ने अस्पताल में भर्ती करा दिया। डॉक्टर शकील ने युवक ने लक्षण संदिग्ध लगने पर उनकी जांच की गई। इसमें हाड्रोफोबिया की पुष्टि हुई है। बताया कि पूछताछ में बताया कि छह माह पहले युवक को कुत्ते ने काट लिया था, लेकिन एंटी रेबीज के इंजेक्शन नहीं लगवाए थे, बल्कि परिजनों ने बाबा से झाड़-फूंक करा दिया। अब जब हाइड्रोफोबिया के लक्षण दिखने लगे तो परिजन युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया साथ आए सभी परिवार के लोगो को भी एंटी रैबिज इंजेक्शन लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया मरीज ज्यादा से ज्यादा 72 घन्टे का ही मेहमान है। इस हाइड्रोफोबिया का कही कोई इलाज नहीं है। और यह हालत मरीज की लापरवाही के कारण ही बनी है। पीड़ित मे लक्षण- कुत्ते का काटने पर चिड़चिड़ा होना बुखार आना मुंह से लार निकलना मांसपेशियों में जकड़न महसूस होना

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत, फंदे पर लटका मिला शव

बिलारी(मुरादाबाद)। ग्राम थांवला में युवती की संदिग्ध परिस्थित में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे के सहारे पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम थांवला निवासी यामीन रविवार की रात परिजनों के साथ घर में सोए हुए थे। घर के ही एक कमरे में उनकी 20 वर्षीया बेटी साबिया भी सोई थी। परिजन सुबह 3:30 बजे सहरी खाने उठे तो साबिया को आवाज दी। इस पर उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। तब उनके बेटा नदीम उसे देखने पहुंचा। जैसे ही कमरे का दरवाजा खोला तो साबिया का शव छत में लगे पंखे से फंदे पर लटका हुआ था। नदीम की सूचना पर दरोगा सुनील कुमार त्रिपाठी महिला पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। कोतवाली प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं।

जैन धर्मावलंबियों में खुशी की लहर दौड़ गई जब उन्हें मुनि श्री 108 अरह सागर जी महाराज के भव्य मंगल प्रवेश की सूचना प्राप्त हुई

प्रदीप कुमार गुप्ता

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली-मीडिया प्रमुख सौरभ जैन ने बताया कि मुनि श्री जी का ओज का आकलन इसी से ज्ञात हो जाता है कि विश्व प्रसिद्ध संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी ने उन्हें सीधे ही मुनि दीक्षा दी है। श्री महावीर निर्माण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने बताया कि बताया कि महाराज श्री ने 22 वर्ष की आयु में ही ब्रह्मचर्य और 23 वर्ष की आयु में उनकी दीक्षा हुई थी। मंत्री के.के. जैन जी ने बताया कि महाराज श्री का

विहार झारखंड के श्री सम्मेद शिखरजी तीर्थराज से उत्तर प्रदेश के हस्तिनापुर तीर्थ की ओर गतिमान है। उनके आगमन की सूचना पर दौड़े दौड़े भक्त गण गांधी उद्यान के समीप पहुंचे और वहां भक्त जनों ने उनका पाद प्रक्षालन कर आरती की। बैंड बाजे के साथ उनका भव्य नगर प्रवेश हुआ, आज ही आज में महाराज श्री ने 40 कि.मी. का पैदल विहार किया। रास्ते में नाचते गाते भक्तों ने वातावरण को जयकारों से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर मंदिर जी में रंगोली बनाई गई। इस अवसर पर मुनि श्री ने अपने आशीर्वचन में कर्म की महिमा बताई, उन्होंने कहा कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने धर्म के 5क और ख के बारे में बताया है, क का अर्थ है कर्म करो, ख का अर्थ है, तभी खाने के बारे में विचार करो। शाम 7 बजे महाराज श्री ने शंका समाधान का कार्यक्रम किया। इस मौके पर सत्येंद्र जैन, अनुभव जैन, आर.सी.जैन, राजकुमार जैन, सुधीर मित्तल, राजेंद्र जैन, उषा जैन, सुशील जैन, राजीव राजेश जैन, सतीश चंद जैन, शिवानी जैन, शालिनी जैन, डॉ उषा , रीता विजय रानी, त्रिशला आशा जैन, सुनीता जी.एल. अरोड़ा, सुमन अरोड़ा, सत्येंद्र जैन एड., संजय जैन, देवेंद्र जैन सुदीप जैन पंडित जी आदि भक्तजनों ने उत्साह उमंग के साथ आयोजन में हिस्सा लिया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

हिप्पोस्टोर्स ने लुधियाना में अपने चौथे स्टोर का किया उद्घाटन

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
लुधियाना -हिप्पोस्टोर्स, सभी निर्माण और निर्माण सामग्री आवश्यकताओं के लिए भारत की प्रमुखवन - स्टॉपशॉप, ने ग्लोबल बिजनेस पार्क में लुधियाना में अपने चौथे स्टोर का उद्घाटन किया है। स्टोर 10,000 वर्ग फुट में फैला है और 70 से अधिक ब्रांड के 12,000 से अधिक उत्पादों को प्रदर्शित करता है, जो घर के मालिकों, ठेकेदारों और दुकानदार के लिए थोक मूल्य पर उपलब्ध है। यह आउटलेट उन 27 नियोजित स्टोरों में से चौथा है, जो अगले पांच वर्षों के भीतर देश भर में

खुलने वाले हैं। हम इन सभी को हल करने की कोशिश कर रहे हैं।हमारी स्थापना के बाद से, दिल्ली एनसीआर में स्टोर्स को बाजार और ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलीहै, यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि ग्राहक सभी निर्माण सामग्री के लिए एक-स्टॉप समाधान की तलाश कर रहे हैं। लुधियाना में नए स्टोर के अनूठे तत्वों में कई मॉक अप मॉड्यूलर किचन होंगे, ताकि किचन के लिए जगह का सर्वोत्तम उपयोग हो सके।अपनी तरह का पहला, हिप्पो की कलर लैब, और टिनिंगरूमभी अग्रणी ब्रांडों कीटिनिंग मशीनों के साथ उपलब्ध हैं, ताकि किसी भी रंग का चयन किया जा सके जो ग्राहक चाहता है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए, लुधियाना में हिप्पोस्टोर्स के फ्रेंचाइजी पार्टनर, रण देव इंफ्रा के शमन शर्मा ने कहा, मुझे हिप्पोस्टोर्स को लुधियाना में लाकर खुशी हो रही है और हम अपने ग्राहकों को उनकी सभी बिल्डिंग और निर्माण सामग्री की जरूरतों के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करते हैं। हमारा स्टोर प्रमुख ब्रांड के उत्पादों की एक विशाल श्रृंखला, हमारे इन-स्टोर सलाहकार, और घर-निर्माण की सभी जरूरतों के लिए एक-स्टॉप समाधान है। हम अपनी अद्वितीय सेवा और गुणवत्ता के साथ लुधियाना समुदाय और पूरे पंजाब के लोगों की सेवा करने के लिए तत्पर हैं।

सीटी सागा में सीटी यूनिवर्सिटी ने जीती सर्वश्रेष्ट ट्रॉफी

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
लुधियाना - डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर, सीटी यूनिवर्सिटी ने सीटी ग्रुप के सदस्यों के लिए सीटी सागा द फैकल्टी फेस्ट का शानदार आयोजन किया। सदस्यों का उत्साह देखने लायक था। सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, शाहपुर में सीटी ग्रुप के सभी परिसरों, विभागों और क्षेत्रों के सदस्यों के लिए आयोजित इस खास उत्सव में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने फैशन वॉक, गायन, नृत्य और स्किट प्रतियोगिताओं में भाग लिआ। प्रतिभागियों और दर्शकों के बीच जोश और खुशी देखने लायक थी। सीटी यूनिवर्सिटी की टीम ने डांस, सिंगिंग और स्किट में पहला स्थान हासिल किया जबकि फैशन शो में दूसरा स्थान हासिल कर सीटी सागा 2023 की ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह ने सभी परिसरों से विभिन्न विजेताओं की घोषणा की।
उन्होंने कहा कि सीटी परिवार के सदस्यों को मंच पर अद्भुत प्रदर्शन कबिलिये तारीफ है। प्रत्येक ने बहुत अच्छा काम किया है और विजेताओं को बधाई भी दी। इस अवसर पर सीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर चरणजीत सिंह चन्नी, को-चेयरपर्सन परमिंदर कौर, प्रो चांसलर डॉ. मनबीर सिंह, तनिका सिंह और वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह के साथ साथ सीटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर (ऑफ़) डॉ. सतीश, रजिस्ट्रार सरबप्रीत सिंह, उप निदेशक, छात्र कल्याण विभाग दविंदर सिंह साउथ कैंपस सीटी ग्रुप के निदेशक डॉ. गुरप्रीत सिंह, रिसर्च एंड इनोवेशन के निदेशक उपस्थिति थे।

संक्षिप्त समाचार

छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण हेतु सुपरवाइजरों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
गौरेला पेंड्रा मरवाही- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार आगामी 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 किया जाना है। इसके लिए प्रारंभिक तैयारियों के तहत आज जिला पंचायत (डीआरडीए) के नर्मदा सभाकक्ष में सुपरवाइजरों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने कहा कि यह महत्पूर्ण कार्य होगा। इस कार्य में सुपरवाजरों की बड़ी जिम्मेदारी है। इसे पूरी गंभीरता के साथ सावधानी और इमानदारी से करना है। सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार नहीं छूटना चाहिए। सर्वे के दौरान किसी तरह की तकनीकी समस्या होने पर तत्काल समाधान के लिए प्रत्येक ब्लॉक के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्य सुगमता के लिए तीनो तकनीकी अधिकारियों को ब्लॉकवार व्हाट्सअप ग्रुप बनाने कहा गया। इसके साथ ही रिजर्व प्रगणक दल भी रखने को भी कहा गया ताकि विषम परिस्थिति में सर्वे का कार्य प्रभावित नहीं हो। प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से सुपरवाइजर स्तरीय नोडल लाजिंग पेज में ऑनलाइन प्रपत्र भरने के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के तहत मकानों की नम्बरिंग, प्रपत्र डाउनलोड, विकल्प चयन, नाम, खाता नम्बर, लिंग, वर्ग, आयु, मोबाइल, ई-केवाईसी के तहत बैंक खाते को आधार से लिंक करने आदि के बारे में बताया गया।
प्रगणक दलों द्वारा सर्वे के दौरान निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरने हेतु उन्हे आवश्यक सूची जैसे प्रधानमंत्री आवास, पीडीएस राशन कार्ड, किसान पंजीयन उपलब्ध कराने कहा गया।

कुदरगढ़ महोत्सव का हुआ आगाज: पहले दिन पारंपरिक लोक संगीत की धुन पर झूमे लोग

स्कूल शिक्षा मंत्री, संसदीय सचिव, प्रतिनिधियों ने किया दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर- सूरजपुर अंचल की अधिष्ठात्री देवी मां बागेश्वरी के धाम में तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का रविवार देर शाम से आगाज हो गया। पहले दिन ख्याति प्राप्त कलाकारों ने अलग-अलग विधाओं में महोत्सव में समां बांध दिया। पारंपरिक लोग संगीत की धुनों के अलावा क्लासिकल डांस और भजनों पर लोग झूमते रहे। इस दौरान डॉ. पूर्णाश्री राउत क्लासिकल ओडिसी डांस, ओम अग्रहरि नन्हा सितारा एवं कला केंद्र सूरजपुर की प्रस्तुति, नासिर खान सूफी गायक, बीजीएम म्यूजिकल ग्रुप, दिलीप षडंगी भजन सम्राट, आमा पान के पतरी, करेला पान के दोना रायगढ़ सहित अन्य नामचीन कलाकार जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसमें कलाकारों ने अपने चिरपरिचित अंदाज में मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी लोगों ने गीत संगीत का आनंद उठाया। कुदरगढ़ महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, कार्यक्रम

की अध्यक्षता कर रहे संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े सहित स्थानीय प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन एवं राजगीत के साथ प्रारंभ हुआ। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े सहित प्रतिनिधियों ने चैत्र नवरात्रि की बधाई शुभकामनाएं दी तथा सूरजपुर अंचल की अधिष्ठात्री देवी मां बागेश्वरी से जिला, राज्य, देश सभी के लिए सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने स्वागत किया तथा कुदरगढ़ी माता रानी से सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध क्लासिकल नृत्यांगना डॉ. पूर्णाश्री राउत ने शानदार प्रस्तुति देकर मंच का मान बढ़ाया। मास्टर ओम अग्रहरि नन्हा सितारा एवं कला केंद्र सूरजपुर की प्रस्तुति, नासिर खान सूफी गायक, बीजीएम म्यूजिकल ग्रुप, दिलीप षडंगी भजन सम्राट, आमा पान के पतरी करेला, पान के दोना रायगढ़ सहित अन्य नामचीन कलाकार जगराता के साथ ही भजन और लोक पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति देकर प्रदेश की कला और संस्कृति की बखूबी प्रस्तुति दी। सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। महोत्सव के उद्घाटन अवसर छत्तीसगढ़ राज्य उर्दू बोर्ड के सदस्य श्री इस्माइल खान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नरेश राजवाड़े, श्रीमती भगवती राजवाड़े, डीडीसी, बीडीसी, जनप्रतिनिधि गण, कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा, पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, एसईसीएल महाप्रबंधक श्री अमित सक्सेना, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, कुदरगढ़ मेला अध्यक्ष श्री भुवन भास्कर प्रताप सिंह, ट्रस्ट के सदस्य, नागरिक गण, प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। तीसरे दिन 28 मार्च को संजय सुरीला सरगुजा, हाय रे सरगुजा नाचे फेम, पारंपरिक नृत्य समूह एचडी इवेंट फिलर प्रस्तुति, आरू साहू सिहावा सुआ बोलत हे फेम छत्तीसगढ़ी लोक गीत मुख्य आकर्षक के केन्द्र होंगे। सभी कार्यक्रम शाम 6 बजे से प्रारंभ होंगे। कुदरगढ़ महोत्सव में इसके अतिरिक्त पारंपरिक नृत्य, मानस मंडली एवं विविध खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है।

कलेक्टर ने बाग के हमले में हुए घायलों से की मुलाकात एवं स्वास्थ्य अमला को बेहतर उपचार के दिए निर्देश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर- पुलिस विभाग, वन विभाग और राजस्व के मैदानी अमले को लोगों के सुरक्षा के मद्देनजर विशेष दिशा निर्देश दिए कुदरगढ़ महोत्सव में 27 मार्च को आयोजित होने वाले संध्याकालीन संस्कृतिक कार्यक्रम किए गए स्थगित सूरजपुर के विकासखंड ओड़गी के ग्राम कालामंजन में बाघ ने तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया था। घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी से जिला चिकित्सालय सूरजपुर रिफर कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में एक व्यक्ति समय लाल की मृत्यु हो गई। दो घायलों

